कार्यालय, समन्वयक, प्री डी.एल.एड. एवं पंजीयक, शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्रा/पंविप/ प्री डी.एल.एड./दि.नि./2019 दिनांकः 21.9.2019

प्रधानाचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
समस्त (राजस्थान)

विषयः– प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2019 के द्वितीय चरण संस्था–आवण्टन एवं रिपोर्टिंग बाबत)

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2019 के द्वितीय चरण का संस्था–आवण्टन पोर्टल पर कल दिनांक 22.9.2019 को जारी किया जा रहा है। सम्बन्धित अभ्यर्थी दिनांक 22.9.2019 से 26.09.2019 तक हर सूरत में सायंकाल 5 बजे तक शेष शुल्क राशि जमा करवाकर अपने तमाम मूल दस्तावेज (अंकतालिका, प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र एवं संवर्ग सम्बन्धी प्रमाण पत्र इत्यादि) सहित आवण्टित अध्यापक शिक्षा संस्थान/संस्था में उपस्थित होकर मूल दस्तावेज का प्रमाणीकरण एवं ऑनलाइन रिपोर्टिंग सम्पन्न करवायेंगे। शुल्क राशि जमा कराने की अन्तिम तिथि 25.9.2019 रहेगी।

उपर्युक्त अवधि में समस्त जिलों के डाईट्स एवं सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के सभी मान्यता व सम्बद्धता प्राप्त अध्यापक शिक्षा संस्थान/संस्थाओं में सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी अवकाश दिवस (दिनांकः 22.9.2019–रविवार) को भी अपने कार्यालय में उपस्थित रहेंगे तथा कार्यालय खुले रखे जायेंगे।

उक्तानुसार जिले के समस्त मान्यता एवं सम्बद्धता प्राप्त अध्यापक शिक्षा संस्थान/संस्थाओं के कार्यालय खुले रखे जाने एवं अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश हेतु रिपोर्टिंग की कार्यावाही को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु उक्त संस्थाओं के संचालकों/प्रधानाचार्यों को अविलम्ब सूचित कराना सुनिश्चित करें। आपके जिलान्तर्गत समस्त संस्थाओं को उक्त सूचना की पावती से इस कार्यालय को कल दिनांकः 22.9.2019 को प्रातः 11 बजे तक जरिये ई–मेल(panjiyakpredeled2019@gmail.com) अवगत करावें।

खयाल रहे कि आपके संस्थान (डाईट) कार्यालय सहित जिले के अध्यापक शिक्षा संस्थानों/संस्थाओं में अवकाश के नाम पर यदि अभ्यर्थियों को कोई असुविधा होती है तो सम्बन्धित की जवाबदेही तय की जावेगी। इस सम्बन्ध में आपके कार्यालय स्तर से समुचित प्रबोधन किया जावे।

(लक्ष्मण के. मालावत)
समन्वयक एवं पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/प्रा/पंविप/ प्री डी.एल.एड./दि.नि./2019 दिनांकः 21.9.2019

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
2. निजी सचिव, निदेशक, प्रा.शि., राजस्थान, बीकानेर
3. निजी सचिव, निदेशक, मा.शि., राजस्थान, बीकानेर
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त
5. जिला शिक्षा अधिकारी(मु.), मा.शि./प्रा.शि., समस्त
6. प्रधानाचार्य/संचालक, मान्यता एवं सम्बद्धता प्राप्त निजी अध्यापक शिक्षा संस्थान, समस्त (राजस्थान राज्य)
7. प्रदेश संयोजक, प्री डी.एल.एड. प्रकोष्ठ, शिक्षा संकुल, जयपुर

समन्वयक एवं पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान
बीकानेर

Rajteachers.in